भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-33
सोमवार, 18 नवम्बर, 2019/27 कार्तिक, 1941 (शक)

हरियाणा में बेरोजगारी

33. श्री धर्मवीर सिंहः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बेरोजगारी से संबंधित राज्य-वार आंकड़ों का संकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान हरियाणा सहित देश के कुल कितने व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्रदान किया गया है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख): रोजगार-बेरोजगारी पर श्रम बल सर्वेक्षण राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाते हैं। ऐसा पिछला वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2017-18 के दौरान आयोजित किया गया था। पीएलएफएस के परिणाम के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार में सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर अनुबंध में दी गई है।

(ग): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) नीचे दिया गया है।

कामगार जनसंख्या अनुपात (% में)		
सर्वेक्षण*	हरियाणा	अखिल भारत
2017-18 (पीएलएफएस)	41.7%	46.8%
2015-16 (श्रम ब्यूरो)	44.7%	50.5%
2013-14 (श्रम ब्यूरो)	45.5%	53.7%

(टिप्पणीः *पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

अनुबंध

लोक सभा के दिनांक 18.11.2019 के अतारांकित प्रश्न संख्या 33 के भाग (क एवं ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों हेतु सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर 2017-18 के दौरान उपलब्ध सीमा तक बेरोजगारी दर राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र	बेरोजगारी दर (%)
1.	आंध्र प्रदेश	4.5
2.	अरुणाचल प्रदेश	5.8
3.	असम	7.9
4.	बिहार	7.0
5.	छत्तीसगढ़	3.3
6.	दिल्ली	9.4
7.	गोवा	13.9
8.	गुजरात	4.8
9.	हरियाणा	8.4
10.	हिमाचल प्रदेश	5.5
11.	जम्मू और कश्मीर	5.4
12.	झारखंड	7.5
13.	कर्नाटक	4.8
14.	केरल	11.4
15.	मध्य प्रदेश	4.3
16.	महाराष्ट्र	4.8
17.	मणिपुर	11.5
18.	मेघालय	1.6
19.	मिजोरम	10.1
20.	नागालैंड	21.4
21.	ओडिशा	7.1
22.	पंजाब	7.7
23.	राजस्थान	5.0
24.	सिक्किम	3.5
25.	तमिलनाडु	7.5
26.	तेलंगाना	7.6
27.	त्रिपुरा	6.8
28.	उत्तराखंड	7.6
29.	उत्तर प्रदेश	6.2
30.	पश्चिम बंगाल	4.6
31.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	15.8
32.	चंडीगढ़	9.0
33.	दादर और नगर	0.4
34.	दमन और दीव	3.1
35.	लक्षद्वीप	21.3
36.	पुडुचेरी	10.3
	अखिल भारत	6.0

स्रोत: वार्षिक रिपोर्ट, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस), 2017-18, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय